UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 28 बंकिमचंद्र चटर्जी (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

प्रश्न 1:
बंकिमचंद्र चटर्जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
उत्तर:
बंकिमचंद्र चटर्जी का जन्म 26 जून, 1838 को पश्चिम बंगाल राज्य के चौबीस परगना जिले के कंथलपाड़ा में हुआ था।

प्रश्न 2:
बंकिमचंद्र ने आजादी की लड़ाई में जन-जागरण हेतु किसे माध्यम बनाया?
उत्तर:
बंकिमचंद्र चटर्जी आजादी की लड़ाई में जन-जागरण हेतु अपने गीत 'वंदे मातरम्' को माध्यम बनाया।

प्रश्न 3:
'वंदे मातरम्' गीत सर्वप्रथम कब और कहाँ गाया गया था?
उत्तर:
'वंदे मातरम्' गीत सर्वप्रथम 1896 में कोलकाता के कांग्रेस अधिवेशन में गाया गया था।

प्रश्न 4:
'वंदे मातरम्' गीत बंकिमचंद्र की किस रचना से लिया गया है?
उत्तर:
'वंदे मारतम्' गीत बंकिमचंद्र के प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ से लिया गया है।

प्रश्न 5.
बंकिमचंद्र ने अपने मित्र को पत्र बिना पढ़े क्यों वापस कर दिया?
उत्तर:
क्योंकि वह अंग्रेजी भाषा में लिखा गया था।